IS 15700:2005

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

वास्तुकला एवं नियोजन इकाई-6
नीलगिरी काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016

पत्रांक 1749 / वा0नि0ई0–6 / दिनांकः 10.08.2020

## आवश्यक सूचना

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की आम्रपाली योजना हरदोई रोड, सेक्टर–एच, लखनऊ में प्रस्तावित अनिस्तारित सम्पत्तियों के निस्तारण हेतु उच्च स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 12.06.2020 को सम्पन्न हुई जिसमें योजना का मानचित्र पुनरीक्षित किये जाने हेतु निर्णय लिया गया। योजना के मानचित्र में निम्न संशोधन प्रस्तावित है :–

1. ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड के स्थान पर छोटे आवासीय भूखण्ड बड़े व्यवसायिक भूखण्डों के सापेक्ष छोटे व्यवसायिक भूखण्ड, पूर्व प्रस्तावित एवं अनिस्तारित स्कूल भूखण्ड एवं कम्यूनिटी सेन्टर को नियोजन की दृष्टि से आवश्यकता न होने के दृष्टिगत एवं नर्सरी स्कूल के आवश्यकता के दृष्टिगत 04 नग नवसृजित नर्सरी स्कूल का प्रस्ताव, समस्त व्यवसायिक भूखण्डों को एकत्रित एवं 24.0 मी0 चौड़ी रोड पर नियोजन का प्रस्ताव, छोटे पार्किंग स्पेस को वर्तमान आवश्यकता के अनुसार समाप्त किया जाना।
2 सहयुक्त नगर नियोजक के पत्रांक 1223 / ल.महा.–2031 / ल.ख. / 2019–20 दिनांक 15.01.2020 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर महायोजना–2031 के अनुसार 150.0 मी0 चौडी मास्टर प्लान रोड से संलग्न 50.0 मी0 वाईड ग्रीन बेल्ट का प्रस्ताव है।
3 पूर्व स्वीकृत ले–आउट प्लान में हाई टेंशन लाईन के नीचे ग्रीन एरिया प्रस्तावित था। भविष्य में हाई टेंशन लाईन शिफ्ट किया जाना प्रस्तावित है, यह संज्ञान में लेते हुए ले–आउट प्लान पुनरीक्षित किया गया है। परिणामस्वरूप ग्रीन एरिया के लोकेशन में परिवर्तन का प्रस्ताव है। प्रस्तावित ग्रीन एरिया का क्षेत्रफल 6113.49 वर्गमी0 है जबकि पूर्व स्वीकृत ग्रीन एरिया 5692.00 वर्गमी0 है। जोकि पूर्व स्वीकृत ग्रीन एरिया से 421.49 वर्गमी0 अधिक है।

अतः जनहित में यह सूचना जारी की जा रही है कि यदि जन सामान्य को कोई आपत्ति एवं सुझाव है, तो निम्नलिखित पते पर एक माह के अंदर सूचित करें।

**(पता : मुख्य वास्तुविद् नियोजक,**
वास्तुकला एवं नियोजन अनुभाग, नीलगिरी काम्पलेक्स,
द्वितीय–तल, इन्दिरा नगर, लखनऊ पिन कोड–226016)

**आवास आयुक्त**

8x13 cm